# LORD KRISHNA COLLEGE OF EDUCATION

Shahabad Barara Road, ADHOYA, Distt. Ambala (Haryana) Pin 133205
Ph. 01731-283315, Mo. 98961-13138

## हिन्दी दिवस उत्सव

14 सितम्बर 2022

**नोटिस** दिनाक:11/09/2022

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविधालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कार्यक्रम को 14 सितम्बर 2022 को मनाया जा रहा है | इस उपलक्ष्य में पुस्तक प्रदर्शनी व हिन्दी भाषा के क्षेत्र से सम्बंधित संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा | सभी बी.एड. और डी.एल.एड. छात्रों के लिए उपस्थिति अनिवार्य है

संगीता सिंगला
संयोजक

प्राचार्या

Scanned with OKEN Scanner

Shahabad Barara Road, ADHOYA, Distt. Ambala (Haryana) Pin 133205
Ph. 01731-283315, Mo. 98961-13138

# हिन्दी दिवस उत्सव

## 14 सितम्बर 2022

## कर्तव्य चार्ट

## सत्र (2022-23)

दिनाक: 11/09/2022

| क्र. | कर्तव्य | शिक्षक नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वागत और अतिथि | श्री नरेश कुमार | [signature] |
| 2 | दीप प्र्वजलित | श्रीमती विभा गुप्ता | विभा गुप्ता |
| 3 | मंच सचिव | श्री अनिल कुमार | [signature] |
| 4 | बैठने की व्यवस्था | श्री दलबीर सिंह | दलबीर सिंह |
| 5 | छायाचित्र | श्री प्रवीण कुमार | [signature] |
| 6 | सजावट | श्री प्रवीण कुमार | [signature] |
| 7 | तकनीकी कर्तव्य | श्रीमती विभा देवी | विभा गुप्ता |
| 8 | प्रेस नोट | श्रीमती मीनाक्षी देवी | [signature] |
| 9 | रिपोर्ट | श्रीमती पूजा रानी | पूजा रानी |
| 10 | वित् समिति | श्री अतुल कुमार | |

संगीता सिंगला
सन्योजक

[signature]
प्राचार्या

Scanned with OKEN Scanner

# लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, अधोया

## हिंदी दिवस रिपोर्ट

लार्ड कृष्णा महाविद्यालय,अधोया में 14 सितम्बर,2022 को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ की गई| इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राज कुमार सांगवान, सचिव श्री रमेश कुमार सांगवान जी व प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता सहित सभी शिक्षक गणों और विद्यार्थियों ने शिरकत की | मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री अनिल कुमार द्वारा किया गया | विचारगोष्ठी/ संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह ने हिन्दी भाषा के इतिहास के बारे में बताया और उन्होंने बताया के कैसे हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिलवाया गया | प्राध्यापक दलबीर सिंह बताया की 10 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है | लाइब्रेरियन गुरदीप कौर ने छात्रों को बताया कि आज ही के दिन 1949 में हमारी संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था और उन्होंने विद्यार्थियों को राजभाषा के महत्व के बारे में बताया |हिन्दी दिवस के अवसर पर कॉलेज पुस्तकालय में प्रदर्शनी लगाई गई जिसमे विभिन्न हिन्दी लेखको और प्रकाशनों की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया | कॉलेज प्राचार्या डॉ.रेनू सहोता ने कहा कि समावेशी और स्थायी विकास के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी ही चाहिए | इस से बच्चों को स्वयं अभिव्यक्त करने में और विषय को समझने में आसानी होती है। पढ़ने में रुचि पैदा होती है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.रेनू सहोता ने कहा कि न कोई भाषा थोपी जानी चाहिए न किसी भाषा का कोई विरोध होना चाहिए। हर भाषा वंदनीय है। कोई भी भाषा हमारे संस्कारों की तरह शुद्ध और हमारी आस्थाओं की तरह पवित्र होती है, मुझे खुशी है कि नयी शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं और संस्कृति के महत्व को स्वीकार किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

कॉलेज के चेयरमैन श्री राज कुमार सांगवान ने हिंदी भाषा को महत्व देते हुए कहा कि हिन्दी भाषा तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अच्छी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करानी चाहिए | इस कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव श्री रमेश कुमार सांगवान ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अपनी मातृभाषा का सम्मान करें. रोजमर्रा के कामों में उसका प्रयोग करें। हिन्दी और देश की भाषाओं का साहित्य पढ़े. उसमें लिखे, तभी हमारी भाषाओं का विकास होगा. वे समृद्ध होगीं। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका संगीता सिंगला ने सभी उपस्थित श्रोतागणों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की समस्त रिपोर्ट प्रस्तुत की| कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया|

**प्राचार्या**

Scanned with OKEN Scanner

# रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी भाषा का करें उपयोग : सांगवान




कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कालेज स्टाफ व अन्य। • विज्ञप्ति।

बराड़ा : लार्ड कृष्णा महाविद्यालय अधोया में राष्ट्रीय हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल कुमार ने किया। विचारगोष्ठी/संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह और गुरदीप कौर ने छात्रों को हिंदी भाषा की विस्तृत जानकारी दी। कालेज की प्राचार्या डा. रेनू सहोता ने हिंदी भाषा का महत्व समझाया।कालेज के चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने हिंदी भाषा की उपयोगिता पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा रोजमर्रा के कामों में हिंदी भाषा का प्रयोग करें। (संस)

Scanned with OKEN Scanner

पंजाब केसरी

15 सितम्बर, 2022.

# रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी भाषा का उपयोग करे : सांगवान

बराड़ा, 14 सितम्बर (गेरा): लार्ड कृष्णा महाविद्यालय अधोया में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोलास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मांसरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल कुमार ने किया। विचारगोष्ठी संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह और गुरदीप कौर ने छात्रों को बताया कि आज ही के दिन 1949 में हमारी संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि समावेशी और स्थायी विकास के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी ही चाहिए, इससे बच्चों को स्वयं अभिव्यक्त करने में और विषय को समझने में आसानी होती है। पढ़ने में रुचि पैदा होती है।



*कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कालेज स्टाफ व अन्य।* (गेरा)

कालेज की प्राचार्या डा. रेनू सहोता कहा कि न कोई भाषा थोपी जानी चाहिए, न किसी भाषा का कोई विरोध होना चाहिए। हर भाषा वंदनीय है। कोई भी भाषा हमारे संस्कारों की तरह शुद्ध और हमारी आस्थाओं की तरह पवित्र होती है। कालेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने हिंदी भाषा को महत्व देते हुए कहा कि हिन्दी भाषा तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अच्छी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करानी चाहिए। जिसके लिए कालेज के प्रागण में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के लेखकों और प्रकाशनों की पुस्तकों को सम्मलित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अपनी मातृभाषा का सम्मान करें व रोजमर्रा के कामों में उसका प्रयोग करें। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका संगीता सिंगला ने सभी उपस्थित श्रोतागणों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की समस्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

अजीत समाचार

15 सितम्बर, 2022



कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कॉलेज स्टाफ व अन्य। (छाया: रहमदीन)

# रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी भाषा का उपयोग करे : सांगवान

बराड़ा, 14 सितंबर (रहमदीन): लार्ड कृष्णा महाविद्यालय अधोया में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोलास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल कुमार ने किया। विचारगोष्ठी / संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह और गुरदीप कौर ने छात्रों को बताया कि आज ही के दिन 1949 में हमारी संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि समावेशी और स्थायी विकास के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी ही चाहिए। इस से बच्चों को स्वयं अभिव्यक्त करने में और विषय को समझने में आसानी होती है। पढ़ने में रुचि पैदा होती है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता कहा कि न कोई भाषा थोपी जानी चाहिए न किसी भाषा का कोई विरोध होना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अपनी मातृभाषा का सम्मान करें व रोजमर्रा के कामों में उसका प्रयोग करें। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका संगीता सिंगला ने सभी उपस्थित श्रोतागणों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की समस्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner